



# डिफेंडिंग चैंपियन सिनर और सबालेंका क्वार्टर फाइनल में



**सिनसिनाटी, 14 अगस्त. डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर और आर्यन सबालेंका ने बुधवार को सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है. उनके साथ कार्लोस अल्काराज़ भी सीधे सेटों में जीत दर्ज कर आगे बढ़ गए हैं.**

विश्व नंबर एक जैनिक सिनर ने विंबलडन जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेलते हुए लगातार 24वीं हार्डकोर्ट मैच जीत दर्ज की. उन्होंने एड्रियन मन्नारिनो को 6-4, 7-6 (7/4) से हराया. मैच के बीच में लगभग तीन घंटे तक मौसम के कारण खेल रुका रहा. इतालवी खिलाड़ी ने कहा, वह (मन्नारिनो) एक बहुत ही मुश्किल प्रतिद्वंद्वी है, दूसरे खिलाड़ियों से अलग. वह प्रतिद्वंद्वी को अच्छी तरह से पढ़ सकता है. इसे खत्म करने में संघर्ष करना पड़ा लेकिन मैं क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर खुश हूं. सिनर का अगला मुकाबला कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा.

# मैसूरु ओपन में युवराज संधू की तीन शॉट की बढ़त

## 62 के शानदार स्कोर से खिताब के करीब पहुंचे चंडीगढ़ के स्टार गोल्फर

**मैसूरु, 14 अगस्त. युवराज संधू ने तीसरे दिन शानदार आठ अंडर 62 का स्कोर बनाकर 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के मैसूरु ओपन 2025 में अपनी बढ़त को तीन शॉट तक पहुंचा दिया.**

पहले राउंड से ही शीर्ष पर चल रहे आत्मविश्वास से भरे युवराज ने अपना कुल स्कोर 22 अंडर 188 तक पहुंचाया. चंडीगढ़ के रहने वाले संधू (61-65-62), जो वर्तमान में पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर हैं, अब इस सीजन के अपने तीसरे पीजीटीआई खिताब की ओर देख रहे हैं.

बांग्लादेश के जमाल हुसैन (62-65-64) ने कुछ महत्वपूर्ण पट चूकने के बावजूद 64 का स्कोर बनाया और लगातार तीसरे दिन दूसरे स्थान पर बने रहे. उनका कुल स्कोर 19 अंडर 191 रहा. दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने भी 64 का स्कोर बनाया और बादलों से घिरे एक और दिन में 18 अंडर 192 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए.

चंडीगढ़ के करणदीप कोचर ने युवराज के पहले दौर के टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर 61 की बराबरी करते हुए 11 स्थान की छलांग लगाई और 17 अंडर 193 के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए. कोचर के इस राउंड में एक ईगल और सात बर्डी शामिल थीं. इटली के मिशेल ऑर्टोलानी (63), जिन्होंने गुरुवार को दो ईगल लगाए थे, ने भी दिन का अंत संयुक्त चौथे स्थान पर करते हुए किया. मैसूर के दो पेशेवर खिलाड़ी, पी प्रभु और ध्रुव बोपन्ना, जिन्होंने कट हासिल किया, छह अंडर 204 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर रहे.




युवराज संधू ने दिन की शुरुआत दूसरे होल पर हफ्तेकी अपनी पहली बोगी गिराकर की. हालांकि, युवराज ने पहले नौ होल में दो बर्डी और दो ईगल के साथ शानदार वापसी की. संधू ने पार-4 के सातवें होल पर पिन से दो फीट की दूरी पर अपना टी शॉट लगाकर अपना पहला ईगल हासिल किया, जबकि पार-5 के नौवें होल पर अपना अगला ईगल हासिल करने के लिए युवराज ने अपना एप्रोच फ्लैग से तीन फीट की दूरी पर लगाया.

## ले. कर्नल वरुण परमार एपीजीसी में पांचवें स्थान पर


**टैंगरांग.** भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण परमार ने 72, 68 और 76 राउंड खेलते हुए एशिया-प्रशांत गोल्फ कन्फेडरेशन मिड-अमेच्योर चैंपियनशिप में कुल मिलाकर अकेले पांचवें स्थान पर और कैटेगरी सी में उपविजेता के रूप में सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी बनकर उभरे. यह चैंपियनशिप इंडोनेशिया गोल्फ एसोसिएशन के सहयोग से यहां आयोजित की गई. इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) द्वारा भेजे गए चार सदस्यीय दल का हिस्सा 43 वर्षीय परमार ने दूसरे दौर में ग्रैम मार्श द्वारा डिजाइन किए गए ग्रैंडिंग राया गोल्फ क्लब में प्रभावशाली चार-अंडर 68 के साथ बढ़त ली.

# एनएसडब्ल्यू ओपन क्वार्टर में आकांक्षा, अनाहत

## अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंड्रा हेडन से

**ऑस्ट्रेलिया. भारत की दो शीर्ष महिला स्क्वैश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंके और अनाहत सिंह ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे 27,500 एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन पिएसए महिला स्क्वैश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है.**

पांचवीं वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंके ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सोफी फदाइली (ऑस्ट्रेलिया) को कड़े मुकाबले में 11-8, 7-11, 10-12, 11-4, 13-11 से हराया। उनका अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंड्रा हेडन (ऑस्ट्रेलिया) से होगा.



> क्वार्टर फाइनल में अनाहत का सामना दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड से होगा. एक अन्य भारतीय खिलाड़ी, तन्वी खन्ना, प्री-क्वार्टर फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त हबीबा हनी से 7-11 के निर्णायक पांचवें सेट में हारकर बाहर हो गईं। उन्होंने इससे पहले पहले दौर में जीत हासिल की थी.

शीर्ष वरीयता प्राप्त अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सारा कार्डवेल (ऑस्ट्रेलिया) को सिर्फ 18 मिनट में 11-3, 11-3, 11-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.

## एक नजर में



### इंग्लैंड सीरीज के बाद मस्ती करते दिखे ऋषभ पंत

**नयी दिल्ली.** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इन दिनों छुट्टियां मना रहे हैं और अपनी कुकिंग स्किल्स को निखार रहे हैं. बुधवार को दिग्गज खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह पिज्जा बनाते दिखे. बता दें कि, 27 वर्षीय बल्लेबाज इंग्लैंड दौरे पर चोटिल हो गए थे. उनके पैर में चोट आई थी, स्कैन के बाद उनके अंगुठे में फैक्चर का पता चला.

### डल झील में खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव

**श्रीनगर.** हिमालयन किंगफिशर, पहले खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव का शुभंकर होगा. आज यहां लोगो और शुभंकर का अनावरण किया गया. ये खेल 21-23 अगस्त, 2025 तक शहर की प्रतिष्ठित डल झील में आयोजित किए जाएंगे. यह जल क्रीड़ा महोत्सव, बढ़ते खेलो इंडिया कैलेंडर का हिस्सा है. खेलो इंडिया का पोर्टफोलियो लगातार बढ़ रहा है क्योंकि इस साल मई में दीव में पहली बार खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन किया गया था. खेलो इंडिया जल क्रीड़ा महोत्सव की मेजबानी जम्मू-कश्मीर खेल परिषद द्वारा केंद्रीय युवा मामले मंत्रालय के सहयोग से की जाएगी. जम्मू और कश्मीर के लिए, यह दूसरा खेलो इंडिया आयोजन होगा, इससे पहले मार्च में गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के हिमपात कार्यक्रमों की मेजबानी की गई थी. केआईडब्ल्यूएसएफ में पदक स्पर्धाओं के रूप में नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग शामिल होंगे. प्रदर्शन स्पर्धाओं में वाटर स्कीइंग, शिकारा रेस और ड्रैगन बोट रेस शामिल होंगी. 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 से अधिक एथलीटों के श्रीनगर में आने की उम्मीद है. जम्मू और कश्मीर के युवा सेवा एवं खेल मंत्री सतीश शर्मा और ज़दीबल विधानसभा सदस्य तनवीर सादिक ने शुभंकर और लोगो जारी किया.

### जूनियर चैंपियनशिप में चंडीगढ–उत्तराखंड की जीत

**जालंधर, पंजाब.** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के तीसरे दिन चंडीगढ़ और उत्तराखंड ने अपने-अपने मुकाबले जीते, जबकि हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बीच मैच ड्रॉ रहा. दिन का पहला मैच डिवीजन बी में हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के बीच 5-5 से ड्रॉ रहा. जम्मू-कश्मीर के लिए कप्तान राजवीर सिंह (1%, 19%, 34%) ने हैट्रिक लगाई, जबकि रोहनप्रीत सिंह (51%) और गमनप्रीत सिंह (56%) ने अन्य गोल किए. हिमाचल के लिए गौरव कुमार (43%, 53%) ने दो गोल किए, जबकि अनुज (15%), प्रांशु चौधरी (18%) और सुखमनप्रीत सिंह (27%) भी स्कोरशीट पर रहे. दूसरे मैच में, चंडीगढ़ ने डिवीजन बी, पूल ए के मैच में अरुणाचल पर 4-3 से करीबी जीत दर्ज की। विजेता टीम के लिए ऋषभ (8%), मोहम्मद जाएद (19%), फतेह सिंह (31%) और प्रभजोत सिंह (33%) ने गोल किए. अरुणाचल के कप्तान अमरजीत सिंह (17%, 36%, 53%) ने शानदार व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक लगाई, हालांकि उनकी टीम एक गोल से पीछे रह गई. दिन के अंतिम मुकाबले में, उत्तराखंड ने असम पर 8-1 से शानदार जीत दर्ज की. उत्तराखंड के लिए महेंद्र सिंह बिष्ट (33%, 37%), रोहित ऐरी (32%, 45%), सूरज कुमार (55%, 60%), विशाल कुमार (2%) और नवीन प्रसाद (14%) ने गोल किए. असम के लिए एकमात्र गोल रोहन इक्का (29%) ने किया.

### वरुण परमार चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर

**इंडोनेशिया.** वरुण परमार ने इंडोनेशिया के गाडिंग राया गोल्फ क्लब में आयोजित एशिया पैसिफिक मिड-एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में कुल मिलाकर पांचवां स्थान हासिल किया। वह 38-46 आयु वर्ग में उपविजेता रहे। 43 वर्षीय वरुण दूसरे दौर में चार-अंडर 68 के स्कोर के साथ बढ़त पर थे, लेकिन तीन राउंड के बाद पार 216 पर समाप्त किया. इसी आयु वर्ग में अर्जुन सिंह तीन राउंड में दो-ओवर 218 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रंजीत सिंह चार-ओवर 220 के साथ संयुक्त नौवें स्थान पर रहे, जबकि सिमरजीत सिंह 14-ओवर 230 के साथ संयुक्त 21वें स्थान पर रहे। आशीष कपूर, जो एक निजी प्रविष्टि के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे, 47 से अधिक आयु वर्ग में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे.




# शुभमन गिल पर मुझे गर्व है

**मुंबई, 14 अगस्त. पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ यादगार टेस्ट सीरीज ड्रा कराने वाले अपने शिष्य और भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल पर मुझे गर्व है.**

युवराज ने गिल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कैसे जुलाई 2025 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए शुभमन ने अपने विदेशी बल्लेबाजी रिकॉर्ड को लेकर सभी संदेहों को दूर करते हुए टीम की अगुवाई की. युवराज ने महिला क्रिकेट विश्वकप के '50 डेज टू गो' कार्यक्रम के अवसर पर आईसीसी डिजिटल से बातचीत में कहा, उनके विदेशी रिकॉर्ड पर कई सवालिया निशान थे. वह कप्तान बने और उन्होंने चार टेस्ट शतक बनाए. यह अविश्वसनीय है कि जब आपको जिम्मेदारी दी जाती है, तो आप उसे कैसे लेते हैं.

उन्होंने कहा, तो, मुझे उन पर बहुत गर्व है. मुझे लगता है कि यह हमारी जीत है, हालांकि यह एक ड्रॉ सीरीज है, क्योंकि यह एक युवा टीम है और इंग्लैंड में जाकर अच्छा खेलना और खुद को साबित करना आसान नहीं है.

## आदित्य दास और अंकोलिका ने जीते यूटीटी खिताब

**वडोदरा.** पश्चिम बंगाल के शीर्ष वरीयता प्राप्त आदित्य दास को अंडर-15 लड़कों के एक तनावपूर्ण फाइनल में महाराष्ट्र के गैर-वरीय निलय पट्टेकर को 3-2 से हराने के लिए शुरुआती झटकों से पार पाना पड़ा, जबकि पश्चिम बंगाल की ही दूसरी वरीयता प्राप्त अंकोलिका चक्रवर्ती ने आज एसएएमए इंडोर स्टेडियम में पहली यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के खिताबी मुकाबले में महाराष्ट्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त नैशा रेवास्कर को 3-0 से हरा दिया. इन दोनों जीतों ने उनके अभियानों को और भी बेहतर बना दिया.

# विश्व कप : महिला टीम का दमदार अभ्यास

## फिटनेस, कौशल और जीत की तैयारी पर फोकस

**बेंगलुरु, 14 अगस्त. भारतीय महिला टीम ने घरेलू मैदान पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले 'बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में 10 दिवसीय अभ्यास शिविर पूरा किया.**

इस शिविर में मैच 'सिमुलेशन' (मैच की तरह की परिस्थितियों में खेलना) के अलावा 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' पर भी ध्यान दिया गया. भारतीय महिला टीम ने अब तक कोई विश्व खिताब नहीं जीता है जिससे उसकी कोशिश 30 सितंबर से शुरू होने वाले 50 ओवरों के इस महाकुंभ में आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त करने की होगी. बीसीसीआई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, शिविर का उद्देश्य फिटनेस के स्तर को बढ़ाना, कौशल को निखारना और टीम को आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करना था. भारतीय टीम 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच भी खेलेगी जिसके बाद 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी.




# खेलों में नए स्वर्णिम युग की शुरुआत : राष्ट्रपति



- राष्ट्रपति ने युवाओं के प्रदर्शन की प्रशंसा की
- दिव्या देशमुख ने महिला विश्व कप जीता

**नयी दिल्ली, 14 अगस्त.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में वैश्विक शतरंज में भारत के दबदबे की सराहना की.**

इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि देश खेल के क्षेत्र में 'परिवर्तनकारी बदलावों' की दहलीज पर है.


अट्ठारह वर्षीय डी गुकेश पिछले साल सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने जिसके साथ भारत के शतरंज के दिग्गजों के लिए शानदार परिणामों का सत्र शुरू हुआ. इस दौरान आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती, कोनेरू हम्पी, दिव्या देशमुख और आर वैशाली जैसे खिलाड़ियों ने उच्च दबाव वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार मजबूत प्रदर्शन किया.

दिव्या (19) पिछले महीने फाइनल में हम्पी को हराकर सबसे कम उम्र की महिला विश्व कप विजेता बनीं. राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा, ''नए आत्मविश्वास से भरपूर हमारे युवा खेल-जगत में अपनी पहचान बना रहे हैं.

उदाहरण के लिए, शतरंज में अब भारत के युवाओं का जैसा वर्चस्व है वैसा पहले कभी नहीं था. राष्ट्रीय खेल नीति 2025 में निहित विजन के अनुरूप हम ऐसे आमूल बदलावों की परिकल्पना कर रहे हैं जिनके बल पर भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभरेगा.''

**चर्चा** — सुशासन, पारदर्शिता और खिलाड़ियों की सुरक्षा पर जोर, संसद ने 12 अगस्त को दोनों विधेयक पारित किए

# खेल विधेयक 2025 को खेल जगत की सराहना



**नयी दिल्ली, 14 अगस्त. भारतीय खेल जगत ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2025 की सराहना की है, जिन्हें संसद ने मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 को पारित किया.**

एथलीटों, प्रशिक्षकों, खेल प्रशासकों और अन्य लोगों ने इसे सुशासन लाने और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए लंबे समय से अपेक्षित सुधार बताया है. बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने इस विधेयक के पारित होने पर अपनी सराहना व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग का सहारा लिया. उन्होंने लिखा, भारतीय खेलों के लिए ऐतिहासिक क्षण! दोनों सदनों द्वारा पारित खेल विधेयक 2025, शासन, पारदर्शिता और खिलाड़ी कल्याण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करता है. निष्पक्षता और कल्याण को खेलों का आधार बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद.

भारत में पैरा-जैवलिन थ्रो के वर्तमान पोस्टर बॉय सुमित अंतिल ने सोशल मीडिया पर लिखा, संसद के दोनों सदनों में खेल विधेयक 2025 के पारित होने से खेल प्रशासन में पारदर्शिता और निष्पक्षता आएगी! राष्ट्रीय खेल चुनाव आयोग, आचार संहिता, सुरक्षित खेल नीति और शिकायत निवारण तंत्र यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी हितधारकों की आवाज सुनी जाए और उनका सम्मान किया जाए. केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 के पारित होने को स्वतंत्रता के बाद से खेल क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार बताया है.

> खेल प्रशासन में सुधार के संदर्भ में इस विधेयक के महत्व पर भारतीय पैरा-बैडमिंटन एथलीट सुकांत कदम ने भी प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेशेवर, लेखापरीक्षित और नियमों से बंधे राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के दृष्टिकोण को साकार करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्णय खेल के लिए हों, राजनीति के लिए नहीं. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, मैं केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया को चार दशकों के बाद यह विधेयक लाने के लिए बधाई देता हूं.